खटीमा में पहली बार मेगा रोजगार मेला

माननीय विधायक,खटीमा श्री पुष्कर सिंह धामी जी के सराहनीय प्रयासों से सेवायोजन विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा **थारू राजकीय इण्टरमीडिएट कालेज,खटीमा में दि. 20 जनवरी, 2018** को एक दिवसीय मेगा रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय एवं उत्तराखण्ड राज्य में स्थापित सिडकुल हरिद्वार, देहरादून,पन्तनगर सितारगंज तथा प्रदेश के बाहर की भी प्रमुख औद्योगिक इकाईयों सहित लगभग कुल 30 औद्योगिक इकाईयों के भाग लेने की संभावनाएँ हैं। जिसमें कक्षा आठ पास,हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, बी0एस0सी0, बी0कॉम,एमकॉम, आईटीआई, डिप्लोमा,बीबीए, एमबीए,बीटेक एएनएम, जीएनएम, बीएससी, नर्सिंग,बी0फार्मा,डी0फार्मा,एच0एम0,ड्राईवर,सिक्योरिटी सुपरवाइजर,सिक्योरिटी गार्ड, कुक, बी0एस0सी0 लाईफ साईन्स,बी0एस0सी0 फूड एण्ड प्रोसेसिंग आदि विभिन्न शैक्षिक योग्यताधारी युवक एवं युवतियों के लिए लगभग 2000 नौकरियाँ मिलने की संभावना है। इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अभ्यर्थी अपना पंजीकरण भारत सरकार के नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल www.ncs.gov.in पर रजिस्ट्रेशन करना होगा। इसके अलावा खटीमा में आयोजित होने वाले मेले के दौरान भी पंजीकरण की व्यवस्था की जायेगी। सभी इच्छुक व पात्र अभ्यर्थी रोजगार मेले में भाग लेने के लिए अपना सी0वी0, 06 फोटोग्राफ एवं समस्त शैक्षिक योग्यता के प्रमाणपत्रों एवं स्थायी निवास प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण पत्र तथा सेवायोजन कार्ड की स्वप्रमाणित छायाप्रतियां साथ लाकर मेले में प्रातः 10.00 बजे पहुँच कर भाग ले सकते हैं।

17/01/2018

(शंकर बोरा)
सहायक सेवायोजन अधिकारी,
शि0मा0के0,खटीमा

कार्यालय :– शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र,खटीमा,ऊधमसिंह नगर।

पत्रांकः–शि0मा0के0 / से0मेला / 2018 / 99 दिनांक– 17–01–2018

सेवा में,

जिला सूचना अधिकारी,
ऊधमसिहनगर।

विषयः–सेवायोजन विभाग द्वारा दिनांक 20–01–2018 को राजकीय इण्टरमीडिएट कॉलेज,खटीमा (ऊधमसिंहनगर) में एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित कराने के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संलग्न विज्ञप्ति इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि आप इसका प्रचार/प्रसार सभी लोकप्रिय समाचार–पत्र के माध्यम से जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने की कृपा करने का कष्ट करें।ताकि अधिक से अधिक संख्या में आकर बेरोजगार अभ्यर्थी रोजगार मेले का लाभ ले सकें।

संलग्नक - प्रेस नोट।

भवदीय,

17/01/2018

(शंकर बोरा)

सहायक सेवायोजन अधिकारी,

शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र,खटीमा

इन पदों पर होगी भर्ती

फिटर,टर्नर,मैकेनिकल,वैल्डर,कुक,नर्स,एएनएम,जीएनएम, ड्राईवर हैवी व्हीकल, बीफार्मा,डीफार्मा,सिक्योरिटी गार्ड,सिक्योरिटी सुपरवाइजर, सेल्समैन, मार्केटिंग सुपरवाइजर,ऑपरेटर,क्वालिटी इन्सपेक्टर आदि पदों पर भर्ती की जायेगी।

सहायक सेवायोजन अधिकारी श्री शंकर सिंह बोरा ने बताया कि श्री पुष्कर सिंह धामी,विधायक खटीमा तथा श्री प्रेम सिंह राणा जी,विधायक नानकमत्ता दोनों संयुक्त रूप से मेले का उद्घाटन दिनांक 20–01–2018 को प्रातः 10.00 बजे करेंगे।

ये कम्पनियां लेंगी रोजगार मेले में भाग

टाटा,बजाज,सनसेरा,नेस्ले,ब्रिटानियां,पारले,ड्यूक्स,गुजरात अम्बुजा, लाओपेला, अपोलो होम हेल्थकेयर, सेटको,अल्पला इण्डिया लि0,पॉलीप्लेक्स,ईस्टर, एस.आई.एस.सिक्योरिटी,जी.फोर.एस.सिक्योरिटी, यूरेका फोर्ब्स, फ्लीटगार्ड, शिवाशक्ति बॉयोटैक्नोलॉजी लि0, नवभारत फर्टिलाइजर्स, लि0, आई.टी.डी.एल. इण्डिया लि0,कैरियर ट्री, एडिको इण्डिया प्रा0लि0,सनसाईन एच0सी0एम0माईलस्टोन, स्पाईसर इण्डिया प्रा0लि0,जी0वी0के0इमरजेन्सी मैनेजमेन्ट एण्ड रिसर्च इन्स्टीट्यूट लि0,यशस्वी एकेडमी फोर स्किल ,उज्जवल मैनेजमेन्ट सर्विस प्रा0 लि0,हैल्डैक्स,टकाटा,आई.के.वाई.ए. ह्यूमन कैपिटल मेनेजमेन्ट, साईन एच.आर मैनेजमेन्ट इन्पीडिया डाइलेसिस टैक्नीशियन अकेडमी इत्यादि।

किस शैक्षिक योग्यता के लिए कितनी नौकरी

हाईस्कूल	– 1605
इण्टर	– 330
बी0एस0सी0	– 46
बी0कॉम	– 50
एम0कॉम	–50
आईटीआई सभी ट्रेड	– 300
डिप्लोमा सभी ट्रेड	– 340
बी0टेक–सभी ट्रेड	– 30
नर्स,ANM,GNM ,B.Sc Nursing/Life Science	**- 150**
Driver LMV	**-50**
Friver Heavy	**-50**
Cook-	**15**
Helper-	**20**
B.Pharma/D.Pharma	**-100**
BBA/MBA/BHM/HM etc.	**-100**

(शंकर बोरा) 17/01/2018
सहायक सेवायोजन अधिकारी,
सि0मा0के0 खटीमा

सहायक सेवायोजन अधिकारी
सिक्षा एवं मार्गदर्शन केन्द्र
खटीमा